[श्री कामाख्या प्रसाद तासा]

एक vision के रूप में बजट को देखा जाए, क्योंकि इस बजट में देश को जोड़ने और देश में लोगों की purchasing power लाने के लिए एक सुंदर व्यवस्था की गई है। इस शताब्दी में यह एक अच्छा बजट है। श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को और सदन में बैठे हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी को भी मैं धन्यवाद देता हूं। मैं नॉर्थ-ईस्ट के मिनिस्टर को भी धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं केवल नॉर्थ-ईस्ट के मिनिस्टर ही नहीं, बल्कि ज्यादातर हर मिनिस्ट्री के मिनिस्टर नॉर्थ-ईस्ट गए। इसके लिए मैं पुन: सभी को धन्यवाद देता हूं और इस बजट का समर्थन करता हूं।

---

**MESSAGE FROM LOK SABHA**

**The Personal Data Protection Bill, 2019**

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:-

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on the 11th February, 2020, has adopted the following motion:-

"That this House do appoint Ms. Mahua Moitra and Shri Manish Tewari to serve as members of the Joint Committee on the Personal Data Protection Bill, 2019 in the vacancies caused by the resignation of Prof. Saugata Roy and Ms. S. Jothi Mani from the Joint Committee."

**THE UNION BUDGET 2020-21** – *Contd.*

**श्रीमती रूपा गांगुली** (नाम निर्देशित): माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं बजट वर्ष 2020-21 के support में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। हमारे देश के प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस बजट में एक बहुत अच्छा vision दिया है तथा इसे बहुत अच्छी तरह से सजाया गया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी तथा उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देना चाहती हूं।

महोदय, मैं दो-चार छोटे-छोटे प्वाइंट्स को उठाऊंगी, क्योंकि दो दिन से मैं इसके बारे में बहुत बड़े-बड़े तथ्य सुन रही हूं और डाक्टर्स और कहां ICU आदि कहकर लोगों में हताशा फैलाई जा रही है। मैं कहना चाहती हूं कि जो लोग हताशा व्यक्त कर रहे थे, उनमें से आधे माननीय सदस्य यहां बैठे ही नही हैं। वे यहां से चले गए, क्योंकि उन्हें पता है कि हताशा के बारे में बात करके कोई फायदा नही है, बल्कि वे खुद ही हताश हो गए हैं, यही परिस्थिति है।